आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.03.2026
समय 13.05

**मुख्य समाचार :–**

- रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए देहरादून जिला प्रशासन ने गठित की क्यूआरटी, उत्तरकाशी में गैस आपूर्ति सामान्य, जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।
- राज्य में मौसम का मिजाज बदला, पर्वतीय जिलों में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो रही, जबकि केदारनाथ धाम में बर्फबारी दर्ज की गई।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अपने आवास पर बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया फूलदेई पर्व।
- देहरादून जिले के विभिन्न न्यायालयों में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

---

**क्यूआरटी गठित**

रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए देहरादून के जिलाधिकारी सविन बसंल ने त्वरित प्रक्रिया दल–क्यूआरटी गठित की है। इनमें 30 अधिकारी नामित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि एलपीजी गैस केवल होम डिलीवरी से ही वितरित होगी। अब सिलेंडर उपभोक्ताओं को सीधे गैस एजेंसी से वितरित नहीं होंगे। गैस एजेंसियों को प्रशासन के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को गैस डोर–टू–डोर वितरित करनी होगी।

---

**गैस आपूर्ति**

वहीं, उत्तरकाशी जिले में रसोई गैस और वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिले में लोगों को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो रही है। अफवाहों के बीच भी नागरिक समझदारी दिखाते हुए प्रशासन द्वारा जारी नियमों का पालन कर रहे हैं और आवश्यकता के अनुसार ही गैस की बुकिंग कर रहे हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने के लिए लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न गैस एजेंसियों पर गैस भरवाने आए उपभोक्ताओं का कहना है कि शुरुआती एक–दो दिनों में कम सप्लाई के कारण उन्हें थोड़ी परेशानी हुई थी, लेकिन अब गैस आसानी से उपलब्ध हो रही है। उपभोक्ताओं ने इसके लिए सरकार का धन्यवाद किया है और स्थानीय लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

........................................................

## सुरक्षित चारधाम यात्रा तैयारियां

आगामी चारधाम तीर्थयात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए श्रीनगर गढ़वाल से रुद्रप्रयाग के बीच भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के उपचार का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों के तहत यात्रा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग मुकेश परमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। विभाग द्वारा एंकरिंग, शॉटक्रीट और स्केलिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से पहाड़ों से पत्थर गिरने की आशंका को कम करने और सड़क मार्ग को सुरक्षित बनाने का कार्य किया जा रहा है।

........................................................

## मौसम का मिजाज बदला

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो रही है, जबकि केदारनाथ धाम में बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं हरिद्वार में हल्की बूंदाबांदी हो रही है और देहरादून में हल्के बादल छाए रहने के साथ ठंडी हवाएं चल रही हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में आज गर्मी से कुछ राहत मिली है। इस बीच, मौसम विभाग ने हरिद्वार, उधमसिंह नगर, देहरादून, चंपावत, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं, आकाशीय बिजली चमकने का ऑरेंज अलर्ट तथा उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

........................................................

## रक्षा मंत्री करेंगे प्रतिभाग

प्रदेश सरकार के 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कुमाऊं क्षेत्र में 21 मार्च को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भाजपा का विशाल सम्मेलन आयोजित होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी में होने वाले इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच उत्साह का माहौल है।

........................................................

## मंत्री रेखा आर्या ने मनाया फूलदेई

प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अपने राजकीय आवास पर कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के कार्यकर्ताओं और नन्हे बच्चों के साथ फूलदेई पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान बच्चों ने फूल अर्पित कर लोक परंपरा को जीवंत किया और पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि फूलदेई उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व "सर्वे भवंतु सुखिनः" की भावना के साथ सभी के सुख–समृद्धि और खुशहाली का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व देवभूमि

के लोगों की प्रकृति, पर्यावरण और फूल–पौधों के प्रति विशेष श्रद्धा और जागरूकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट का सामना कर रही है, ऐसे समय में फूलदेई जैसे पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने और उसके संरक्षण का संदेश देते हैं। उत्तराखंड की यह परंपरा पूरे विश्व को प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।

---------------------------------------------------

## मठ हॉउस

केंद्र और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर नैनीताल जनपद के पर्यटन ग्राम क्यारी में बनाये गये, अनोखे पारम्परिक शैली के मठ हॉउस पर्यटकों को बहुत भा रहे हैं। पर्यटन ग्राम क्यारी, चारों ओर से कॉर्बेट पार्क की सीमा और रामनगर वन प्रभाग के जंगलों से घिरा हुआ है। यह प्रकृति को नजदीक से निहारने और महसूस करने के लिए पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की पर्यटन से सम्बन्धित वीर सिंह गढ़वाली होम स्टे योजना का लाभ लेकर मठ हॉउस बनाये गए हैं, जो आसपास के बड़े–बड़े कंक्रीट से बनाये गए रिसॉर्ट से अलग और अनोखे दिख रहे हैं। कैम्प को संचालित कर रहे नवीन उपाध्याय ने बताया कि उसे स्थानीय होने के नाते शुरू से कुछ अलग कार्य करने का मन था, इसलिए उसने केंद्र और उत्तराखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए इसे तैयार किया।

---------------------------------------------------

## लोक अदालत आयोजन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के तत्वावधान में जिला मुख्यालय देहरादून, ऋषिकेश, विकासनगर, डोईवाला, मसूरी एवं चकराता न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम, सिविल मामले, पारिवारिक मामलें, चैक बाउन्स से सम्बंधित मामले, शमनीय प्रकृति के आपराधिक और अन्य प्रकृति के मामले लगाये गये थे। लोक अदालत में देहरादून में फौजदारी के शमनीय प्रकृति के 207 मामले, चैक सम्बंधी 693 मामले, धन वसूली सम्बंधी 18 मामले, मोटर दुर्घटना क्लेम ट्राईबुनल के 62 मामलें, पारिवारिक विवाद सम्बंधी 129 मामले सहित कुल 7 हजार 255 मामलों का निस्तारण किया गया। विकासनगर के न्यायिक अधिकारियों ने लोक अदालत में 739 मामलों का आपसी राजीनामे के आधार पर निस्तारण किया। ऋषिकेश के न्यायिक अधिकारियों ने लोक अदालत में 911 मामलों का निस्तारण किया। डोईवाला न्यायालय 312 मामलों का निस्तारण किया। मसूरी न्यायालय ने 47 मामलों का और चकराता न्यायालय ने 14 मामलों का निस्तारण किया।

---------------------------------------------------

## एम्बुलेंस को हरी झंडी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी। गंभीर मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया। इस

अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा तथा क्षेत्र के बुजुर्गों सहित सभी नेत्र रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा।

---------------------------------------------------

**संवाद कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम कैंप कार्यालय टनकपुर में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम में लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे जनता से सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और स्थानीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों, मांगों और सुझावों पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

---------------------------------------------------